उत्तर उजाला

वर्ष 47 अंक 176 नैनीताल, बुधवार **15 मई** 2024 (संवत् 2081) पृष्ठ 10 डाक पंजी. सं. यू.ए./नैनीताल/**26/2024-2026**

मूल्य-3.00 रु.

प्ले ऑफ में जगह बनाने उतरेंगे रॉयल्स-7 **प्रभास ने शुरू की बहुप्रतीक्षित फिल्म कन्नप्पा की शूटिंग-8**

तापमान	आज		कल संभावित	
शहर	अधि.	न्यू.	अधि.	न्यू.
दिल्ली	40	27	41	26
लखनऊ	42	28	44	27
नैनीताल	24	16	26	16
हल्द्वानी	38	22	39	25
देहरादून	36	20	38	22
बरेली	40	26	42	24

सोना (10 ग्राम)	चांदी (प्र. किग्रा.)
72,950	86,000

रुपये की विनिमय दर

पाउण्ड	104.98
यूरो	90.29
डालर (यूएस)	83.47
स्विस फ्रेंक	92.13
एमीरट्स-दरहम	22.73

संक्षिप्त

लिट्टे पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ा

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर लगे प्रतिबंध को मंगलवार को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया, क्योंकि संगठन लगातार लोगों के बीच अलगाववाद की प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है और अपने लिए भारत में खासकर तमिलनाडु में समर्थन आधार बढ़ा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1967 की धारा 3 की उपधाराओं (1) और (3) को लागू करते हुए प्रतिबंध लगाया था। गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि लिट्टे अब भी ऐसी गतिविधियों में लिप्त है जो देश की अखंडता और सुरक्षा के लिए नुकसानदेह हैं। इसमें कहा गया है कि मई 2009 में श्रीलंका में अपनी हार के बाद भी लिट्टे ने ईलम (तमिलों के लिए एक अलग देश) की अवधारणा को नहीं छोड़ा है और वह प्रचार गतिविधियों तथा धन उगाही के माध्यम से गुप्त रूप से ईलम के लिए काम कर रहा है।

मोदी को चुनाव लड़ने से रोकने संबंधी याचिका पर विचार नहीं

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने चुनाव प्रचार के दौरान कथित तौर पर नफरत भरे भाषण देने और आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव लड़ने से रोकने के अनुरोध वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एससी शर्मा की पीठ ने याचिकाकर्ता से शिकायत के निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने को कहा। पीठ ने कहा, क्या आपने अधिकारियों से संपर्क किया है? आदेश के लिए आपको पहले अधिकारियों से संपर्क करना होगा। याचिकाकर्ता ने याचिका वापस ले ली और मामला वापस लिया गया मानते हुए खारिज कर दिया गया। शीर्ष अदालत अधिवक्ता आनंद एस जोंधले के माध्यम से फातिमा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

एलओसी के पास से घुसपैठिया गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक गांव से एक पाकिस्तानी घुसपैठिये को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को पल्लनवाला इलाके में नियंत्रण रेखा के पास मिलन डी खुई गांव से गिरफ्तार किया गया, जिसने अपनी पहचान कराची निवासी जहीर खान के रूप में बताई है। अधिकारियों ने कहा कि एक पुलिस दल ने उसे संदिग्ध तरीके से घूमते हुए देखा और उसे स्थानीय पुलिस चौकी ले जाया गया जहां उसने अपनी पहचान बताई और दावा किया कि वह अनजाने में सीमा में घुस आया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

गंगोत्री-यमुनोत्री में टूटे सारे रिकॉर्ड

2023 में यमुनोत्री धाम पहुंचे थे सबसे ज्यादा 12045 यात्री, इस बार संख्या 12148 पहुंची

- **गेट-बैरियर व्यवस्था बनाने के बाद गंगोत्री धाम में बढ़ा तीर्थयात्रियों का दबाव**
- **हाईवे में कुछ स्थानों पर संकरी सड़क से बड़ी बसों के कारण लग रहा जाम**
- **पुलिस और मंदिर समिति ने रात दो बजे तक गंगोत्री धाम में संभाली व्यवस्था**

देहरादून/उत्तरकाशी। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम में इस बार पहुंचे तीर्थयात्रियों ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खासकर दो दिनों से रिकॉर्ड भीड़ जुटने से धामों में मंदिर समिति ने देर रात तक दर्शन कराया है, जबकि यमुनोत्री की भीड़ और गंगा सप्तमी पर बड़ी संख्या में गंगोत्री में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इससे धाम में खासी चहल-पहल देखने को मिली। इधर रिकॉर्ड भीड़ जुटने पर पुलिस-प्रशासन ने देर रात तक व्यवस्था बनाई।

चारधाम में इस बार रिकॉर्ड तीर्थयात्री जुट रहे हैं। करीब 6 किमी पैदल दूरी पर यमुनोत्री धाम में भी रिकॉर्ड यात्री दर्शन को पहुंच रहे हैं। यमुनोत्री धाम में 2023 में 28 मई को सर्वाधिक 12045 तीर्थयात्री पहुंचे थे, जो पिछले कई सालों का रिकॉर्ड था, लेकिन इस साल गत दिवस यमुनोत्री में 12148 तीर्थयात्रियों की संख्या ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। यमुनोत्री में दर्शन को तीर्थयात्रियों की भीड़ जुटने का सिलसिला जारी है। इसके लिए प्रशासन ने बैरियर और गेट सिस्टम लागू कर दिया है। अब यमुनोत्री धाम में दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं, लेकिन यमुनोत्री की भीड़ गंगोत्री धाम में पहुंचने से दबाव बढ़ गया है। यहां दो दिनों से रिकॉर्ड तीर्थयात्रियों ने दर्शन किये हैं।

पिछले साल यमुनोत्री के बाद गंगोत्री में 29 मई को रिकॉर्ड 13670 तीर्थयात्री एक दिन में पहुंचे थे, जो इस साल गत दिवस 18973 हो गये हैं। यह अब तक का सर्वाधिक तीर्थयात्रियों के पहुंचने का रिकॉर्ड है, जबकि आज गंगा सप्तमी पर टिहरी और उत्तरकाशी जिले की देव डोलियों के पहुंचने से दबाव और बढ़ गया। इससे व्यवस्था बनाने में प्रशासन, पुलिस और मंदिर समिति को खासी मशक्कत करनी पड़ी। गंगोत्री धाम में संकरे मार्ग पर बड़ी बसों के फंसने से ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ रही है। इससे वाहनों का दबाव बढ़ने से गंगोत्री तक वाहन कतार में चल रहे हैं। हालांकि यहां भी प्रशासन उत्तरकाशी रामलीला मैदान, हीना, भटवाड़ी, गंगनानी, सुक्की, झाला, हर्षिल, धराली से रुक-रुक कर वाहन छोड़ रहा है। इससे गंगोत्री धाम में देर रात तक तीर्थयात्रियों के पहुंचने क्रम जारी रहा। प्रशासन के अनुरोध पर देर रात तक गंगोत्री मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं के दर्शन कराए। साथ ही प्रशासन, पुलिस एवं मंदिर समिति ने तीर्थयात्रियों को जलपान कराया। गंगोत्री में तीर्थयात्रियों की सुविधा को रात 2 बजे तक बाजार खुला रहा। सुबह तक धाम में तीर्थयात्रियों को व्यवस्थित आवाजाही कराई जा रही है।

यमुनोत्री धाम में गेट सिस्टम के बाद पूरा ट्रैफिक गंगोत्री मार्ग की तरफ आ गया। इससे कुछ स्थानों पर संकरी सड़क पर बड़ी बसें फंसने से वाहनों का दबाव बढ़ गया।

गंगोत्री में देर रात तक दर्शन कराए गए। यात्रा मार्ग पर विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गए हैं। साथ ही भोजन, पानी, मेडिकल व्यवस्था तीर्थयात्रियों को उपलब्ध कराई जाने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल दोनों धामों में भीड़ नियंत्रित है। जिला प्रशासन के अनुरोध पर देर रात तक मंदिर में तीर्थयात्रियों को दर्शन कराए गए। मंदिर समिति ने देर से पहुंचे श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की।

50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की स्वास्थ्य जांच

यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती

पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य सचिव से की भेंट

उत्तर उजाला ब्यूरो

देहरादून। पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मंगलवार को स्वास्थ्य सचिव डा.आर.राजेश कुमार से भेंट की। चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। गत वर्ष यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी। इस बार हमारा लक्ष्य है कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच की जाए। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। गत वर्ष 140 डॉक्टर तैनात किए गए थे। इनमें 44 स्पेशलिस्ट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष पहली बार यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरामेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था की गई थी। इस बार भी यह व्यवस्था जारी रखी जा रही है।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर हमेशा से सुपर स्पेशलिटी सेंटर का अभाव रहा है। इसके दृष्टिगत श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में इस बार कैथ लैब शुरू कर दी गयी है। साथ ही यू कोट वी पे योजना के जरिये नए सुपर स्पेशलिटी को अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 11 भाषाओं में यात्रा संबंधी एसओपी जारी की गई है, यह एसओपी सभी राज्यों के सचिवों को भेजने के साथ ही यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को स्टाफ के माध्यम से उनकी भाषा में वितरित की जा रही है, ताकि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इस एसओपी में यात्रा के दौरान क्या करें और क्या न करें के बारे में जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि जानकी चट्टी में पहली (शेष पृष्ठ 8 पर)

कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत

हल्द्वानी के एक होटल में नौकरी करते थे दोनों

स्कूटी चालक ने मौके पर और दूसरे ने एसटीएच में तोड़ा दम

दीवान सिंह

अभय बिष्ट

उत्तर उजाला संवाददाता

हल्द्वानी। बीती देर रात करीब 12 बजे मंडी चौकी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि हादसे में स्कूटी चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि स्कूटी में सवार दूसरे युवक ने सुशीला तिवारी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों मृतक मूलरूप से अल्मोड़ा के रहने वाले थे और होटल में नौकरी करते थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिये।

मूलरूप से अल्मोड़ा बमन सुयाल निवासी 35 वर्षीय दीवान सिंह बिष्ट और धारी खत्याड़ी स्थित तलारबाड़ी निवासी 20 वर्षीय अभय बिष्ट हल्द्वानी स्थित एक होटल में नौकरी करते थे। पुलिस के मुताबिक सोमवार की रात दोनों होटल का ही कुछ सामान लेकर गोरापड़ाव जा रहे थे। इस बीच रास्ते में पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे के दौरान स्कूटी चला रहे दीवान सिंह बिष्ट की मौके पर ही मौत (शेष पृष्ठ 8 पर)

पंतनगर समेत दिल्ली के कुछ हवाई अड्डों को उड़ाने की धमकी

नयी दिल्ली/पंतनगर। राष्ट्रीय राजधानी के कुछ अस्पतालों को मंगलवार की सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले दिल्ली में 20 अस्पतालों, पंतनगर समेत दिल्ली के कुछ हवाई अड्डों और उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय को भी इसी तरह की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पंतनगर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मचा गया। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन अलर्ट है। एयरपोर्ट पर चेकिंग की जा रही है और वाहन पार्किंग के बजाय परिसर के बाहर खड़े किए जा रहे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें जीटीबी अस्पताल, दादा देव अस्पताल, हेडगेवार अस्पताल और दीपचंद बंधु अस्पताल से बम की धमकी वाले ईमेल मिलने के बारे में फोन पर सूचना प्राप्त हुई। अधिकारियों ने कहा कि बम निरोधक दस्ता, बम का पता लगाने वाली टीम, अग्निशमन कर्मी और स्थानीय पुलिस तलाशी लेने के लिए मौके पर पहुंची, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी के मुताबिक कॉल आने का सिलसिला सुबह 10.45 बजे शुरू हुआ। सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर उत्तरी दिल्ली (शेष पृष्ठ 8 पर)

कोई नहीं लहर, मोदी की भाषा में सिर्फ जहर

प्रधानमंत्री को हो गया है किसान, मजदूर, महिलाओं की निराशा का अहसास

भाजपा दक्षिण में साफ, उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में हाफ : रमेश

भुवनेश्वर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पक्ष में कोई लहर नहीं है, बल्कि उनकी भाषा में केवल जहर है।

कांग्रेस महासचिव रमेश ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि निवर्तमान प्रधानमंत्री की भाषा संकेत दे रही है कि वह चिंतित और भ्रमित हैं। उन्होंने कहा, उनको (प्रधानमंत्री को) अहसास हो गया है कि किसान, मजदूर, महिला और अन्य पिछड़ा वर्ग उनसे निराश हैं। इसलिए वह हिंदू-मुस्लिम, मुस्लिम लीग, कांग्रेस को टेम्पो में भरकर दिया गया कालाधन और मंगलसूत्र की बात करने लगे हैं। रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री के पक्ष में जमीन पर कोई लहर नहीं है बल्कि उनकी भाषा में केवल जहर है। इससे पता चलता है कि बदलाव का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि पिछले चार चरण में 379 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव हो चुका है और यह स्पष्ट हो गया है कि भारतीय जनता पार्टी दक्षिण में साफ हो गई है और उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में हाफ है।' कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि इस चुनाव में विपक्षी इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलेगा।

उन्होंने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस संविधान और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रही है, क्योंकि धनतंत्र देश में हावी हो गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि दोनों दल लोकसभा और ओडिशा विधानसभा में नकली लड़ाई लड़ रहे है। रमेश ने कहा, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री नूरा-कुश्ती कर रहे हैं। हालांकि वास्तविकता यह है कि बीजद ने पिछले 10 साल में संसद में भाजपा का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बीजद सांसदों ने किसान विरोधी, आदिवासी विरोधी और पर्यावरण विरोधी विधेयकों का संसद के दोनों सदनों में समर्थन किया और यहां तक ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी ने भाजपा प्रत्याशी अश्विनी वैष्णव को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने में भी मदद की। रमेश ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा, क्या आपने दिल्ली में भाजपा का शत प्रतिशत समर्थन नहीं किया? क्या यह सच नहीं है कि बीजद ने वन अधिकार अधिनियम को कमजोर करने वाले विधेयक, वन संरक्षण अधिनियम में संशोधन, भूमि अधिग्रहण अधिनियम और श्रम संहिता का समर्थन किया था? कांग्रेस नेता ने कहा, बीजद और भाजपा में कोई अंतर नहीं है और ओडिशा में कांग्रेस एकमात्र विकल्प है, जो भाजपा-बीजद गठबंधन के खिलाफ लड़ रही है। भाजपा को मत देना बीजद को मत देने और बीजद को मत देना भाजपा के समर्थन में मतदान करने के समान है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी के शासन में उड़िया भाषा के विकास के लिए (शेष पृष्ठ 8 पर)

प्रधानमंत्री ने वाराणसी से किया नामांकन

कई राजनीतिक दिग्गजों के साथ शक्ति प्रदर्शन कर पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय

पूरी शक्ति के साथ चौतरफा विकास और जनता के कल्याण का वादा

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए भाजपा शासित राज्यों के करीब आधा दर्जन मुख्यमंत्रियों, भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, कई केंद्रीय मंत्रियों और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेताओं की मौजूदगी में मंगलवार को वाराणसी से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। गंगा सप्तमी के मौके पर मां गंगा को नमन करने के उपरांत प्रधानमंत्री काशी के कोतवाल काल भैरव के दर पर पहुंचे। वहां उनसे अनुमति-आशीर्वाद लेकर वह विभिन्न राजनीतिक दिग्गजों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रधानमंत्री ने सोमवार को काशी विश्वनाथ से एवं मंगलवार को काल भैरव बाबा से लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए आशीर्वाद भी मांगा।

वाराणसी संसदीय सीट पर मोदी ने 2014 में पहली बार और 2019 में दूसरी बार जीत हासिल की थी। सफेद कुर्ता-पायजामा और नीली सदरी पहने मोदी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वाराणसी जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे। जब मोदी ने पर्चा दाखिल किया तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री के नामांकन के चार प्रस्तावकों में से दो उपस्थित थे। नामांकन दाखिल करते समय प्रधानमंत्री मोदी के साथ अयोध्या के राम मंदिर में भगवान राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालने वाले पंडित गणेश्वर शास्त्री और पटेल जनसंघ के समय के पुराने कार्यकर्ता और पिछड़ा वर्ग के बैजनाथ पटेल मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी ने नामांकन पत्र जिलाधिकारी को सौंपने के बाद खड़े होकर शपथ पत्र पढ़ा। मर्यादा का पालन करते हुए प्रधानमंत्री जिलाधिकारी, जो (शेष पृष्ठ 8 पर)

आयकर विभाग की इमारत में आग, अधिकारी जिंदा जला

नयी दिल्ली। दिल्ली के आईटीओ क्षेत्र स्थित आयकर विभाग की इमारत में मंगलवार को आग लग गई। इस घटना में एक अधिकारी जिंदा जल गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा ने कहा कि दो महिलाओं समेत सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई, जिसे पास के अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। मध्य दिल्ली में आयकर विभाग की जिस इमारत में आग लगी, वह पुराने पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने स्थित है। इस इमारत में अभी भी सुरक्षा बलों की कुछ इकाइयां हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा, हमें दोपहर 3.07 बजे आयकर विभाग की इमारत में आग लगने की सूचना मिली। हमने कुल 21 दमकल गाड़ियां भेजी। हमने मामले की जांच और कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय पुलिस को भी जानकारी दी। सोशल मीडिया पर सामने आए कुछ वीडियो में इमारत के भीतर लोग आग से बचने के लिए खिड़की के किनारों पर शरण लिए हुए दिखे। दमकल कर्मियों ने लोगों की सीढ़ियों की सहायता से बाहर निकलने में मदद की। पांच पुरुषों व दो महिलाओं को डीएफएस ने इमारत की तीसरी मंजिल से सुरक्षित बचा लिया। जैसे ही दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे, उन्होंने इमारत को खाली करा लिया। जहरीले धुएं के कारण दमकलकर्मियों को गैस मास्क का उपयोग करना पड़ा।

पतंजलि ने लाइसेंस रद्द होने के बाद 14 उत्पादों की बिक्री रोकी

अवमानना नोटिस पर आदेश सुरक्षित

थोक व्यापारियों के भंडारण की जांच करने और हलफनामा दाखिल करने के आदेश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड से पूछा कि क्या इसके उन 14 उत्पादों की बिक्री रोकी गई है, जिनके विनिर्माण लाइसेंस उत्तराखंड राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने पिछले महीने निलंबित कर दिए गए थे। शीर्ष अदालत में पतंजलि की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता बलबीर सिंह ने बताया कि उन्होंने इन उत्पादों की बिक्री रोक दी है।

न्यायालय ने योग गुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को भ्रामक विज्ञापन मामले में जारी अवमानना नोटिस पर अपना आदेश सुरक्षित रखा है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने पूछा, क्या यह भी सही है कि आपके थोक व्यापारियों ने उनका भंडारण करना और उन्हें बेचना बंद कर दिया है? आपको इसकी जांच करने और एक हलफनामा दाखिल करने की जरूरत है। सिंह ने पीठ से कहा कि वे इस बारे में एक हलफनामा दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि फर्म ने उन टीवी चैनलों को पत्र लिखा है, जिन पर इन उत्पादों के विज्ञापन दिखाये जा रहे हैं। पीठ ने कहा, हम आदेश सुरक्षित रख रहे हैं, लेकिन आपके हलफनामे से फर्क पड़ेगा। न्यायालय ने इस बात पर गौर किया कि पतंजलि की ओर से पैरवी कर रहे वकील ने कंपनी के (शेष पृष्ठ 8 पर)

छह महिलाओं समेत 30 नक्सलियों का समर्पण

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में मंगलवार को छह महिला नक्सलियों समेत 30 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सलियों के सिर पर कुल 39 लाख रुपये का नकद इनाम है। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों ने कहा है कि वह माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश होने के साथ पुलिस की पुनर्वास नीति से प्रभावित हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 30 नक्सलियों में मिटकी ककेम उर्फ सरिता (35), मुरी मुहंदा उर्फ सुखमती (32) भी शामिल हैं। इन दोनों के सिर पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम है। उन्होंने बताया कि अन्य नक्सली रजिता वेट्टी (24), कोवासी (24) और आयता सोढ़ी (22) तथा सीनू पदम (27) के सिर पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम है।

सत्ता में आयेंगे तो अलग बुंदेलखंड बनायेंगे

भाजपा नीत राजग सरकार के लिए सत्ता में वापसी करना आसान नहीं : मायावती

- **इस बार नहीं चलने वाली भाजपा की नाटकबाजी और जुमलेबाजी**
- **भाजपा ने जो वादे किये और गारंटी दी, उसका एक चौथाई भी काम नहीं**

झांसी (उप्र)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने मंगलवार को दावा किया कि अगर वे सत्ता में आईं तो अलग बुंदेलखंड राज्य बनाया जाएगा।

मंगलवार को झांसी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा, अलग बुंदेलखंड राज्य बनाने की मांग हो रही है, अगर हमारी सरकार (केंद्र में) बनी तो हम इस संबंध में सकारात्मक कदम उठाएंगे। बुंदेलखंड जरूर एक अलग राज्य बनाया जाएगा। बुंदेलखंड उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में फैला एक पहाड़ी क्षेत्र है। उत्तर प्रदेश के सात जिले (बांदा, महोबा, हमीरपुर, ललितपुर, झांसी, जालौन और चित्रकूट) और मध्य प्रदेश के आठ जिले इस क्षेत्र में आते हैं। बसपा प्रमुख ने मुख्यमंत्री रहते हुए वर्ष 2011 में उप्र को चार भागों में विभक्त करने का एक प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था और हाल में पश्चिमी उप्र की चुनावी जनसभाओं में उन्होंने सत्ता में आने पर पश्चिमी उप्र को अलग राज्य बनाने का वादा किया। मायावती ने यह भी दावा किया कि वर्तमान भाजपा नीत राजग सरकार के लिए मौजूदा लोकसभा चुनाव में सत्ता में वापसी करना आसान नहीं होगा, बशर्ते यह चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष हो और ईवीएम से छेड़छाड़ न की जाए।

मायावती ने कहा कि लंबे समय तक केंद्र और देश के अनेक राज्यों में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उसकी गलत नीतियों के कारण उसे सत्ता से बेदखल होना पड़ा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से भाजपा और उसके सहयोगी दल केंद्र और काफी राज्यों में सत्ता पर काबिज हैं, लेकिन उनकी भी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण, साम्प्रदायिक तथा द्वेषपूर्ण नीतियों और कथनी तथा करनी में अंतर की वजह से अब ऐसा लगता है कि इस बार भाजपा के लिए केंद्र की सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी।

उन्होंने कहा, इस बार भाजपा की नाटकबाजी और जुमलेबाजी नहीं चलने वाली है, क्योंकि अब देश की जनता काफी हद तक इस बात को समझ चुकी है कि भाजपा ने जो वादे किये और हवा-हवाई गारंटी दी थी, (शेष पृष्ठ 8 पर)

राहुल ने सोनिया के साथ जारी किया वीडियो

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को अपनी मां सोनिया गांधी के साथ अपना एक वीडियो जारी कर रायबरेली एवं अमेठी से अपने परिवार की पुरानी यादों का उल्लेख किया और कहा कि इन दोनों संसदीय क्षेत्रों की जनता ने उनके परिवार को सब कुछ दिया है और लोग जब भी पुकारेंगे, वह वहां जाएंगे। सोनिया गांधी और राहुल गांधी छह मिनट 12 सेकेंड की अवधि वाले इस वीडियो में रायबरेली और अमेठी से जुड़ी इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की तस्वीरों वाले अलबम को पलटते और दोनों क्षेत्रों से पुराने रिश्तों के बारे में बात करते देखे जा सकते हैं। राहुल गांधी ने यह वीडियो सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, रायबरेली और अमेठी हमारे लिए सिर्फ चुनाव क्षेत्र नहीं, हमारी कर्मभूमि है, जिसका कोना-कोना पीढ़ियों की यादें संजोए हुए है। मां के साथ पुरानी तस्वीरें देखकर पापा और दादी की याद भी आ गयी, जिनकी शुरू की गयी सेवा की परंपरा मैंने और मां ने आगे बढ़ाई। उन्होंने कहा, प्रेम और विश्वास की बुनियाद पर खड़े 100 वर्षों से भी पुराने इस रिश्ते ने हमें सब कुछ दिया है।